लुलु ग्रुप ने किया यूपी में 4100 करोड़ रुपये निवेश का एमओयू

लखनऊ। उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को दुबई में लुलु ग्रुप के निदेशक सलीम एमए ने यूपी में निवेश के लिए 4100 करोड़ रुपये (50 करोड़ डॉलर) का एमओयू किया।

एमओयू के अनुसार यह ग्रुप अब यूपी की सब्जियों एवं फलों की खरीद एवं निर्यात अपने 247 हाइपरमार्केट के माध्यम से करेगा। इससे सब्जियों एवं फलों की खेती करने वाले प्रदेश के किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। वर्तमान में 10 देशों में लुलु ग्रुप के 247 हाइपरमार्केट और शॉपिंग माल हैं और भारत में भी इसकी अच्छी उपस्थिति है। इस मौके पर लुलु ग्रुप के अध्यक्ष यूसुफ अली ने कहा कि वे यूपी सरकार के साथ एमओयू होने से बेहद उत्साहित हैं। वे अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए सब्जियों और फलों का मूल्यवर्धन करने के लिए उत्तर प्रदेश में अपना प्रसंस्करण और पैकेजिंग केंद्र स्थापित करेंगे। आम उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए यूपी में जून व जुलाई में विशेष यूपी मैंगो फेस्टिवल का आयोजन भी होगा जिसमें यह ग्रुप भी शिरकत करेगा। ब्यूरो

दुबई में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और यूसुफ अली की मौजूदगी में हुआ एमओयू